an>

title: Need to convert Shitalpur-Dhala unmanned railway level crossing in Samastipur in Bihar to manned railway level crossing.

डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण) : अध्यक्ष महोदया, हम लोग मैन क्रासिंग और अनमैन क्रासिंग पर रेल दुर्घटनाओं के बारे में सुनते आ रहे हैं लेकिन जब से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना शुरू हुई है तब से एक नई समस्या आ गई है। हमारे लोक सभा क्षेत्र समस्तीपुर रेल मंडल में नेशनल हाइवे दस पंचायतों को जोड़ने वाली बलवतिया के लिए सड़क बनी। इसका शिलान्यास उस समय तत्कालीन ग्रामीण विकास मंत्री, भारी उद्योग मंत्री और खाद्य संस्करण मंत्री ने मिलकर इसका शिलान्यास किया लेकिन इसमें रेलवे क्रासिंग का कोई प्रावधान नहीं रखा, वह रोड दस पंचायतों को जोड़ती है। आज की तारीख में पन्द्रह से ज्यादा एक्सीडेंट हो चुका है। ग्रामीण ने गुस्से में रेल के इंजन को जला दिया था जब चौदह लोगों की मृत्यु हुई थी। जब भी मैं रेल में जाता हूं तो यह कहा जाता है कि यह मेरी लिस्ट में नहीं है। यदि लिस्ट में नहीं है तो 28 करोड़ रुपये की सड़क को कैसे बनने दिया। शीतलपुर क्रासिंग समेत जहां भी प्रधानमंत्री सड़क योजना बनती है बिना उसमें मैन्ड क्रासिंग प्रावधान के सड़क नहीं बनना चाहिए। इसके चलते निर्दोÂष ग्रामीण मारे जाते हैं। मैं रेल मंत्रालय को पचास लाख रुपये सांसद निधि से शीतलपुर क्रासिंग के लिए देने को तैयार हूं फिर भी यह क्रासिंग नहीं बन रहा है। इसलिए रेल मंत्री से अनुरोध करूंगा कि इस पर शीघ्र मैन्ड क्रासिंग किया जाए।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री शरद त्रिपाठी, श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री सुधीर गुप्ता और श्री रोड़मल नागर को डॉ. संजय जायसवाल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री बी. श्रीरामुलु - उपस्थित नहीं।